**TERM-1_EXAMINATION 2026-27**

HINDI (085) SET-1

| | |
|---|---|
| Class: X | Max. Marks: 80 |
| Date : 02.09.2026 | Time: 3.00 Hour |
| Admission No: | Roll No: |

सामान्य निर्देश:-
1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 16 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-

| | |
|---|---|
| भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्यावहारिक व्याकरण | 16 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 28 अङ्क |
| भाग 'घ' : लेखन | 22 अङ्क |

---

भाग 'क' : अपठित गद्यांश (14 अङ्क)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर ध्यान से लिखिए-

ताजमहल, महात्मा गांधी और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र—इन तीनों बातों से दुनिया में हमारे देश की ऊँची पहचान है। ताजमहल भारत की अंतरात्मा की उसकी बहुलता की एक धवल धरोहर है। यह सांकेतिक ताज आज खतरे में है, उसको बचाए रखना बहुत जरूरी है।

मजहबी दर्द को गांधी दूर करता गया। दुनिया गांधी को जानती है। गांधीवादी नहीं जानते हैं। गांधीवादी उस गांधी को जानते हैं, जो सुविधाजनक है। राजनीतिज्ञ उस गांधी को चाहते हैं, जो और भी अधिक सुविधाजनक है। आज उस असुविधाजनक गांधी का पुनः आविष्कार करना चाहिए, जो कड़वे सच बताए—खुद को भी और औरों को भी।

अंत में तीसरी बात, लोकतंत्र की हमारी जो पीड़ा है, वह शोषण से पैदा हुई है, लेकिन आज विडंबना यह है कि उस शोषण से उत्पन्न पीड़ा का भी शोषण हो रहा है। यह है हमारा जमाना।

लेकिन अगर हम अपने पर विश्वास रखें और अपने पास स्वराज लाएँ, तो हमारा जमाना बदलेगा। खुद पर स्वराज तो हम अपने अनेक प्रयोगों से भी पा सकते हैं, लेकिन उसके लिए अपनी भूलें स्वीकार करना और खुद को सुधारना बहुत आवश्यक होगा।

(1) अपने सौंदर्य के लिए विश्व में प्रसिद्ध ताजमहल जैसे शब्दों के संबंध में निहित है । (अंक 1)
कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए

(i) देश की पहचान विश्व की आत्मा धवल धरोहर

(ii) देश की पहचान भारत की आत्मा धवल धरोहर

(iii) देश की पहचान धवल धरोहर खतरे की स्थिति

(iv) विश्व की पहचान धवल धरोहर विश्व की धरोहर

विकल्प

(क) कथन 1 सही है ।

(ख) कथन 1 और 2 सही है ।

(ग) कथन 2 और 3 सही है ।

(घ) कथन 3 और 4 सही है ।

(2) संसार में भारत को क्यों जाना जाता है? (अंक 1)

(क) ताजमहल के सौंदर्य के आकर्षण के कारण

(ख) महात्मा गांधी के अहिंसा और सत्य के कारण

(ग) ताज ,महात्मा गांधी और लोकतांत्रिक प्रणाली के कारण

(घ) अपनी धवल धरोहर के कारण।

(3) लेखक गांधी के किस रूप को अपनाने की बात कहता है ? (अंक 1)

(क) जो सुविधाजनक हो

(ख) जो कटु सत्य कहने में पीछे नहीं हटे

(ग) जो मजहबी दर्द पर मरहम लगाए

(घ) जो सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाए

(4) खुद पर स्वराज कैसे लाया जा सकता है ? (अंक 2)

(5) हमारा जमाना कैसे बदलेगा ? (अंक 2)

प्रश्न 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

चंपारण सत्याग्रह के बीच जो लोग गांधी जी के संपर्क में आए हुए आगे चलकर देश के निर्माता में गिने गए चंपारण में गांधी जी ने न सिर्फ सत्य और अहिंसा का सार्वजनिक हितों में प्रयोग कर रहे थे बल्कि हलवा बनाने से लेकर सिर पर मसाला पीसने और चक्की चलकर गेहूं का आटा बनाने की कल भी उन बड़े वकीलों को सिखा रहे थे जिन्हें गरीबों की अगुवाई की जिम्मेदारी सौंप जानी थी अपने इन आध्यात्मिक प्रयोग के माध्यम से वे देश की गरीब जनता की सेवा करने और उनकी तकदीर बदलने के साथ देश को आजाद करने के लिए समर्पित व्यक्तियों की एक ऐसी जमात तैयार करना चाह रहे थे जो सत्याग्रह की भट्टी में इस तरह तप कर निकले जिस तरह की भट्टी में सोना तपकर निखरता और कीमती बनता है गांधी जी की मान्यता थी कि एक प्रतिष्ठित वकील और हजामत बनाने वाले हजम में पैसे के लिहाज में कोई फर्क नहीं दोनों की हैसियत एक ही है उन्होंने पसीने की कमाई को सबसे अच्छी कमाई माना और शारीरिक श्रम को अहमियत देते हुए उसे उचित प्रतिष्ठा व सम्मान दिया कोई काम बड़ा नहीं कोई काम छोटा नहीं इस मान्यता को उन्होंने स्थापित करना चाह मर्यादाओं और मानव मूल्यों को उन्होंने प्राथमिकता दी ताकि साधन शुद्धता की बुनियाद पर एक ठीक समाज खड़ा हो सके आजाद हिंदुस्तान आत्मनिर्भर स्वावलंबी और आत्म सम्मानित देश के रूप में विश्व बिरादरी के बीच अपने एक खास पहचान बनाएं और फिर उसे बरकरार भी रखें।

(1) गांधी जी आध्यात्मिक प्रयोग क्यों कर रहे थे? (अंक 1)

(क) आजादी के प्रति समर्पित लोगों का समूह तैयार करने के लिए

(ख) सोने को कुंदन बनाने के लिए

(ग) स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए

(घ) अंग्रेजी शासन को अपनी ताकत दिखाने के लिए

(2) व्यवसाय को लेकर गांधी जी के क्या विचारथे? (अंक 1)

(क) उन्होंने पसीने की कमाई को सबसे अच्छी कमाई माना

(ख) कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं सभी पेशे एक समान है

(ग) शारीरिक श्रम से ही आजादी मिलेगी

(घ) सब अपना -अपना काम ठीक से करें

(3) कथन A और कारण R को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए - (अंक 1)

कथन A गांधी जी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते थे

कारण R मर्यादा और मानव मूल्यों की को प्राथमिकता देकर अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है

(क) कथन A गलत है किंतु कारण R सही है

(ख) कथन A और कारण R दोनों ही गलत है

(ग) कथन A सही है और कारण R कथन A की सही व्याख्या है

(घ) कथन A सही है किंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है ।

(4) चंपारण सत्याग्रह में गांधी जी क्या कर रहे थे और कौन लोग देश के निर्माताओं में गिने गए ? (अंक 2)

(5) गांधी जी बड़े वकीलों को हलवा बनाना और सिल पर मसाला पीसना क्यों सीखना चाहते थे? (अंक 2)

भाग 'ख' : व्यावहारिक व्याकरण (16 अङ्क)

प्रश्न 3 निर्देशानुसार पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (अंक 4)

(1) अंग्रेजों के नाक में दम करने वाला वजीर अली देशभक्त था (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए)

(2) संज्ञा पदबंध किसे कहते हैं?

(3) कई सालों से बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेल रहे हैं (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए )

(4) पदबंध के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखिए। 5वामीरों गीत गाते अचानक चुप हो गई ( रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए)

प्रश्न 4 निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक 4)

(1) उड़ा दिए थे मैंने अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे।( इस वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण कीजिए)

(2 आँखें आकाश की ओर थी और मन उस आकाशगामी पथिक की ओर ( वाक्य का भेद बताइए)

(3) दोनों रोज उसी जगह पहुँचते ,मूर्तिवत एक दूसरे को निर्निमेष ताकते ( इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए)

(4) दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाजार गया और वहाँ पर गिरफ्तार हो गया (इस वाक्य को सरल वाक्य में बदल कर लिखिए)

(5) जो डरकर काम करते हैं वे जीवन में सफल नहीं होते हैं (इस वाक्य को पहचानिए)

प्रश्न 5 निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक 4)

(1) नीला है जो गगन का समस्त पद और समास का नाम लिखिए ।

(2) नव निधि का समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए

(3) किस समास के दोनों पद प्रधान ना होकर किसी अन्य पद का बोध कराते हैं?

(4) अव्ययीभाव समास किसे कहते हैं?

(5) किस समास में परसर्गों का लोप होता है?

प्रश्न 6 निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक 4)

(1) हैसियत से अधिक बात करना अर्थ के लिए रूढ़ मुहावरा क्या है ?

(2) साँप को देखकर नेवला उस पर...........।( सही मुहावरे से वाक्य पूरा कीजिए)

(3) हिम्मत टूटना मुहावरे का अर्थ लिखिए ।

(4) अपने पुत्र को चोरी करता देख पिता........।( सही मुहावरे से वाक्य पूरा कीजिए)

(5) तलवार खींचना मुहावरे का सही अर्थ लिखिए।

भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक (28 अङ्क)

प्रश्न 7 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए -

गाँव के लोग भी तताँरा के विरोध में आवाज़ उठाने लगे ।वह तातारा के लिए असहनीय था । वामीरो अब भी रोये जा रही थी। तताँरा भी गुस्से से भर उठा।उसे जहाँ विवाह की निषेध परंपरा पर क्षोभ था वहीं अपनी असहायता पर खीझ। वामीरो का दुख उसे और गहरा कर रहा था । उसे मालूम न था कि क्या कदम उठाना चाहिए।अनायास उसका हाथ तलवार की मूठ पर जा टिका। क्रोध में उसने तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा। क्रोध लगातार अग्नि की तरह बढ़ रहा था।लोग सहम उठे।एक सन्नाटा सा खिंच गया।जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा।

(1) तताँरा को किस बात पर क्षोभ था? (अंक 1)

(क) युवती द्वारा गाना नहीं सुनाने पर

(ख) विवाह की निषेध परंपरा पर

(ग) अपने क्रोध पर

(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) क्रोध में आकर तताँरा ने क्या किया? (अंक 1)

(क) अपनी तलवार निकाली

(ख) और कुछ विचार करता रहा

(ग) क और ख दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

(3) गाँव के लोग तताँरा के विरोध में क्या करने लगे? (अंक 1)

(क) हथियार इकट्ठा करने लगे

(ख) नारे लगाने लगे

(ग) आवाजें उठाने लगे

(घ) उपर्युक्त सभी

(4) निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर दीजिए - (अंक 1)

कथन A तताँरा का क्रोध लगातार अग्नि की तरह बढ़ रहा था

कारण R उसने तलवार को धरती में घोंप दिया और ताकत से खींचता चला गया

(क) कथन A तथा कारण R दोनों गलत है

(ख) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है

(ग) कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन A और कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

(5) तारा को किस बात पर खींच थी ? (अंक 1)

(क) विवाह के निषेध परंपरा पर

(ख) अपनी असहायता पर

(ग) वामीरो के रोने पर

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 8 निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - (अंक 6)

(1) बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों?

(2) पुलिस कमिश्नर के नोटिस और काउंसिल के नोटिस में क्या अंतर था?

(3) निकोबारी जनजाति की आदिम संस्कृति का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(4) शैलेंद्र के अनुसार कलाकार का कर्तव्य क्या है?

प्रश्न 9 दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए।

उड़ गया अचानक लो भूधर
फड़का अपार पारद के पर !
रव शेष रह गए हैं निर्झर !
है टूट पड़ा भू पर अंबर !
धँस गए धरा में सभय शाल!
उठ रहा धुआँ,जल गया ताल !
यों जलद यान में विचर -विचर
था इंद्र खेलते इंद्रजाल ।

(1) 'है टूट पड़ा भू पर अंबर!' का क्या आशय है? (अंक 1)

(क) आकाश का धरती पर गिर जाना

(ख) बादलों से मूसलाधार बारिश होना

(ग) बादलों से ओलावृष्टि होना
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) कथन A और कारण R को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्न का सही उत्तर लिखिए-(अंक 1)
कथन A डर के मारे शाल के वृक्ष धरती में समा गए है।
कारण R उन्हें बहुत ठंड लग रही थी,वे ठंड से बचना चाहते थे।
(क) कथन A और कारण R दोनों सही है।
(ख) कथन A और कारण R दोनों गलत है।
(ग) कथनA गलत है ,कारण R सही है।
(घ) कथन A सही है कारण R गलत है।

(3) पर्वत प्रदेश में इंद्र देवता किस सवारी से विचरण कर रहे हैं ? (अंक 1)
(क) हवा के झोंकों पर | (ख) वर्षा की बूँदों पर
(ग) बादल रूप यान पर | (घ) इनमें से कोई नहीं

(4) इंद्र कौन -सा खेल खेल रहे हैं ? (अंक 1)
(क) लुका- छुपी | (ख) चोर -सिपाही
(ग) इंद्रजाल | (घ) उपर्युक्त सभी

(5) कौन अचानक उड़ गया -सा लग रहा है? (अंक 1)
(क) निर्झर | (ख) भूधर
(ग) शाल वृक्ष | (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 10 निम्न में से किन्ही तीन प्रश्नों का उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - (अंक 6)
(1) कबीर के अनुसार इस संसार में कौन दुखी है कौन सुखी है?
(2) मीराबाई अपने आराध्य श्री कृष्ण के दर्शन पाने के लिए क्या-क्या उपाय करती हैं?
(3) मनुष्यता कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए।
(4) कवि ने तालाब की तुलना किससे की है और क्यों की है ? ‘मनुष्यता ’कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 11. पूरक पुस्तक पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50–60 शब्दों में लिखिए - (अंक 6)
(1) हरिहर काका के प्रति उनके भाइयों का व्यवहार किस प्रकार बदल गया था? इस परिवर्तन के कारण स्पष्ट कीजिए।
(2) लेखक के बचपन में अध्यापकों का विद्यार्थियों के प्रति व्यवहार कैसा था? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
(3) ‘हरिहर काका’ पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि संपत्ति किस प्रकार पारिवारिक संबंधों में दरार उत्पन्न कर सकती है।

भाग 'घ' : लेखन (22 अङ्क)

प्रश्न 12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- (अंक 5)
(1) लड़का लड़की एक समान दोनों से ही घर की शान
संकेत बिंदु - ● समाज में लड़का लड़की के प्रति भिन्न दृष्टिकोण

- दृष्टिकोण में परिवर्तन
- भेदभाव की समाप्ति और लड़कियों का सम्मान

(2) कंप्यूटर आज की जरूरत

संकेत बिंदु -
- वर्तमान युग कंप्यूटर युग
- कंप्यूटर के लाभ
- कंप्यूटर की हानियाँ
- उपाय

(3) ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय

संकेत बिंदु -
- प्रस्तावना
- भाषा एक अनमोल वरदान
- कठोर भाषा से हानियाँ
- उपसंहार

प्रश्न 13 बिजली की अनियमित आपूर्ति की शिकायत करते हुए विद्युत बोर्ड के अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए - (अंक 5)

अथवा

अपने विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्रश्न 14 आपके विद्यालय में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है प्रधानाचार्य की ओर से छात्रों को इसकी सूचना लगभग 60 शब्दों में जारी करें | (अंक 4)

अथवा

शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए आपको संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम के बारे में विद्यार्थियों की सभा के लिए लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी करें।

प्रश्न 15 विद्यालय के' प्रतिभा समूह' द्वारा प्रस्तुत सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के नाटक के बारे में नाम, पात्र ,दिन ,समय ,टिकट आदि की सूचना देते हुए लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। (अंक 3)

अथवा

मोटापा एवं डायबिटीज के उपचार के लिए आयोजित उपचार शिविर का विज्ञापन लिखिए।

प्रश्न 16 'अभ्यास की शक्ति 'विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए - (अंक 5)

अथवा

विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला को अत्याधुनिक बनाने की आवश्यकता समझाते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को 80 शब्दों में ई -मेल लिखिए।

========================= समाप्त =========================